प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार के तीन वर्ष जनता हित व पारदर्शी सुधारों को रहे समर्पित।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री आज से हिमाचल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे–जगत प्रकाश नड्डा का कल शिमला के पीटरहॉफ में होगा अभिन्नद समारोह।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा– हिमाचल में तटीकरण कार्यों के लिए 8 हजार 6 सौ 25 करोड़ रूपए का आबंटन।
- चंबा जिला में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास जारी–प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी में 25 दिसंबर से होगा विंटर फेस्टिवल का आयोजन।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–राज्य के 20 शहरों में रात का तापमान पांच डिग्री से नीचे पहुंचा ।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पिछले तीन वर्ष जनता–हित, पारदर्शिता और प्रणालीगत सुधारों के रहे हैं, जिनका उद्देश्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर निर्णय जनता के विकास, सुविधा व प्रदेश के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने निरंतर नई पहल की और अब तक 23 हजार 200 युवाओं को सरकारी नौकरी दी है जबकि पिछली सरकार 5 वर्षों में केवल 20 हजार नौकरियां ही दे पाई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा विशेष राजस्व अदालतों में रिकॉर्ड 4 लाख 63 हजार मामलों का निपटारा किया जा चुका है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के उद्देश्य से छह ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है जिससे राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में हिमाचल की रैंकिंग में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है।

बिंदल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा आज शिमला पहुंचेगे और कल पीटरहॉफ में उनके सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बिंदल ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन का कल भूमि पूजन भी करेंगे।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने कहा है कि हिमाचल को अब तक तटीयकरण कार्यों के लिए कुल 8 हजार 6 सौ 25 करोड़ रूपए का आबंटन किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में ये उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये राशि न केवल मौजूद संरचनाओं के पुनर्निमाण बल्कि नई चैनलाईजेशन परियोजनाओं के लिए भी उपलब्ध करवाई गई है। अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में कहा कि प्रदेश में अवैध खनन व टिंबर माफिया पर कड़ी कार्रवाई अनिवार्य है।

श्रम सुधार

केंद्र की 21 नवंबर को लागू की गई नई श्रम संहिताएँ पूरे भारत में श्रमिकों की आजीविका को स्थिरता प्रदान करने के लिए हैं। आज हम बता रहे हैं कि कैसे ये नए सुधार पूरे देश में खतरनाक उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा रहे हैं।

नए श्रम सुधारों के तहत सरकार ने देश में जीवन घातक उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को मजबूत किया है। यह सुधार खनन, रासायनिक, पेट्रोलियम, धातु कर्म और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में सुरक्षित कार्य स्थल सुरक्षित करने के लिए अनिवार्य जोखिम आकलन पेश करता है। अभिनियोक्ताओं के लिए सुरक्षा उपकरण और बेहतर स्वच्छता की सुविधाएं साथ ही प्राथमिक उपचार प्रदान करना अनिवार्य है। इसके अलावा, नौकरी से पहले समय पर और जोखिम के बाद मेडिकल जांच अनिवार्य है और मजदूर मुक्त सालाना स्वास्थ्य जांच के हकदार है। यह सुधार गर्भवती महिलाओं और किशोरों को जीवन घातक उद्योगों से बचाते हैं। जिससे सुरक्षित श्रम कार्यशैली को मजबूती मिलती है। नए श्रम सुधारों का उद्देश्य भारत के जीवन घातक उद्योगों के कर्मचारियों में गरिमा, सुरक्षा और भविष्य के लिए तैयार सुरक्षा प्रणाली तैयार करना है। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं विनोद कुमार।

अश्विनी वैष्णव

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को उत्तरी रेलवे जोन में कवर किया गया है और इसके लिए वर्ष 2025–26 में 2 हजार 2 सौ 16 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है।

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस धनराशि में से अभी तक 9 सौ 19 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं। केन्द्रीय रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत देश भर में एक हजार 3 सौ 37 रेलवे स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं जिनमें हिमाचल के पालमपुर, शिमला, बैजनाथ, पपरोला और अम्ब अंदौरा स्टेशन शामिल हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इनमें से चार रेलवे स्टेशनों को विकसित कर दिया गया है जबकि शिमला स्टेशन को मास्टर प्लानिंग के तहत कवर किया जा रहा है।

विंटर फेस्टिवल

पर्यटकों को आकर्षित करने और चंबा जिला में पर्यटन को विकसित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में चम्बा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी में इस वर्ष विंटर फेस्टिवल–2025 का आयोजन किया जा रहा है। 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित किए जाने वाले इस फेस्टिवल के दौरान कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिला चम्बा में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा विंटर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने इस आयोजन की हर कड़ी को यादगार बनाने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियो को निर्देशित किया है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह हेरिटेज वाक का आयोजन किया जाएगा ताकि पर्यटक व स्थानीय लोग डलहौजी की प्राचीन विरासत एवं सांस्कृतिक महत्व से रूबरू हो सकें। वहीं प्रत्येक संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे ताकि नववर्ष का स्वागत उत्सवी माहौल में किया जा सके। इस आयोजन से अवश्य ही जिला चम्बा के पर्यटन को नए पंख लगेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए चंबा से मैं विकास ठाकुर

इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में कुल 18 लाख 18 हजार 9 सौ 25 आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यरत हैं। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि देशभर में चल रहे सभी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तरोन्नत किया जाएगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक वर्कर और एक हैल्पर को तैनात किया जाएगा

हर्ष महाजन

सांसद हर्ष महाजन ने राज्यसभा में शून्य काल के दौरान हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की मौजूदा स्थिति, भू–स्खलन जोखिम और नाजुक हिमालयी पारिस्थिति की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए। एक वक्तव्य में उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को दिए गए अभूतपूर्व सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया।

हर्ष महाजन ने कहा कि केंद्र ने हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 30 हजार करोड़ रूपए का निवेश किया जा चुका है जो राज्य की कनेक्टिविटी और विकास के लिए ऐतिहासिक है। हर्ष महाजन ने एनएचएआई के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा साईट पर नियमित निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया।

मौसम

प्रदेश में बीते लंबे समय से शुष्क मौसम का दौर लगातार जारी है। साफ मौसम के बावजूद प्रदेश में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट के चलते ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है। प्रदेश के करीब 20 शहरों में रात का तापमान पांच डिग्री सैल्सियस से नीचे पहुंच चुका है। ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते पेयजल स्रोता जम रहे हैं, जिससे लोगों को भी परेशानी हो रही है। इधर मैदानी क्षेत्रों में बढ़ते कोहरे से सुबह–शाम ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार 14 दिसंबर को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उंची चोटियों पर हल्के हिमपात की संभावना जताई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

कांग्रेस की मंडी जन संकल्प रैली पर अमर उजाला, पंजाब केसरी और दैनिक सवेरा मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है दो साल में बदलेंगे हिमाचल की तस्वीर–सलाखों के पीछे होंगे भ्रष्टाचारी। दैनिक भास्कर के शब्द हैं विरोधी पूछते हैं क्या किया, तीन साल में 40 साल से चल रही व्यवस्था बदली। दैनिक जागरण का शीर्षक है केंद्र ने बांध रखे हाथ, फिर भी 2027 में बनेंगे आत्मनिर्भर। दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है बहुत किया, आगे बहुत करेंगे।

पंजाब केसरी की एक खबर है साऊथ जोन जीएसटी विंग ने नकली और धोखेबाज 9 टैक्सपेयर्स को पकड़ा।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार के तीन वर्ष जनता हित व पारदर्शिता सुधारों को रहे समर्पित।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से हिमाचल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे–कल शिमला के पीटरहॉफ में होगा अभिनंदन समारोह।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा– हिमाचल में तटीकरण कार्यों के लिए 8 हजार 6 सौ 25 करोड़ रूपए का आबंटन।
- चंबा जिला में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास जारी–प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी में 25 दिसंबर से होगा विंटर फेस्टिवल का आयोजन।

- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–राज्य के 20 शहरों में रात का तापमान पांच डिग्री से नीचे पहुंचा ।